कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी
शीशमबाग वन परिसर, जेल रोड, हीरानगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
E-mail : dfote@rediffmail.com, Phone: 05946-254309, Fax: 05946-250298

पत्रांक 3696 /12-1 हल्द्वानी, दिनांक 21-12-2022

सेवा में,

वन संरक्षक
पश्चिमी वृत्त
हल्द्वानी।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 310/2013 के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत हल्द्वानी बाईपास मार्ग से हल्दूचौड़ इण्डियन ऑयल डिपो तक मार्ग के निर्माण हेतु 12.33है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण(online no.FP/UK/road/29571/2017)

संदर्भः– आपका पत्रांक–950/12–1 दिनांक–05.12.2022।

महोदय

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि आपके द्वारा उक्त मोटर मार्ग के सम्बन्ध में चाही गयी सूचना के क्रम में वन क्षेत्राधिकारी, गौला का पत्रांक–1234/12–1 दिनांक–19.12.2022 द्वारा प्रस्तुत रिर्पोट में यह उल्लेख किया गया है कि उक्त मार्ग वर्तमान में जहॉ–जहॉ पर टुकड़ों में प्रयोग में लाया जा रहा है, वह अतिक्रमित वन भूमि है एवं उक्त मार्ग का कार्ययोजना में कोई उल्लेख नहीं है।

उक्त मार्ग गौला राजि के हल्दूचौड़ बीट,बेरीपड़ाव बीट, गौरापड़ाव बीट, दानीबंगर बीट, बसन्तपुर बीट, किशनपुर बीट, रेशमबाग बीट होते हुए आवॅलाचौकी हल्द्वानी बाईपास तक 13.70 कि0मी0 लम्बाई में जहॉ–जहॉ पर प्रयोग में लाया जा रहा है एवं उक्त मार्ग का जो भाग अतिक्रमित क्षेत्र है, उक्त अतिक्रमित क्षेत्र के सम्बन्ध में माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिनांक 13.02.2019 writ prtition (s) (civil No.S) wildlife first & others. Versus Ministry of Forest and Enviroment other के क्रम में रेंज के अन्तर्गत अतिक्रमित क्षेत्रों की सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रभागीय कार्यालय की पत्र संख्या–5563/20–3(3) दिनांक–29.03.2019 के क्रम में गौला राजि की पत्र संख्या 658/27–1 दिनांक–22.04.2019 एवं 641/27–1 दिनांक– 08.04.2019 से सूचना प्रभागीय कार्यालय एवं प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, कोर्टसेल को पूर्व में भी प्रेषित की गयी है। जिसका विवरण संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नः–वन क्षेत्राधिकारी गौला की रिर्पोट

भवदीय

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

पत्रांक 3696 /12–1 दिनांकित

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून।
2. अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी।
3. मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र लालकुआं।

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।